**प्रेस विज्ञप्ति**
**जनपद सोनभद्र**
**दिनांक- 23.05.2023**

**एसओजी/सर्विलांस एवं कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 02 नफर अभियुक्तों को 810 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपया लगभग 81 लाख)के साथ गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश व मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज, एसओजी/स्वाट, सर्विलांस टीम सोनभद्र के अथक प्रयास से आज दिनांक 23.05.2023 को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग के 02 अभियुक्तों को 810 ग्राम हेरोईन (कीमत रुपया लगभग 81 लाख) के साथ वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत सन बीम स्कूल तिराहा वहद ग्राम बिच्छी से घेरा बन्दी कर दिन में लगभग 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 01 नफर अभियुक्त फरार हो गया । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 298/2023 धारा 8/21 NDPS Act अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार अभियुक्त की तलाश टीम बनाकर की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरण** –दिनांक 23.05.2023 को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज, एसओजी/स्वाट, सर्विलांस टीम सोनभद्र द्वारा ग्राम बिच्छी वाराणसी शकितनगर मार्ग पर 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा मौके से 01 नफर अभियुक्त फरार हो गया । पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से कुल 810 ग्राम हेरोईन (कीमत लगभग इक्यासी लाख रुपये) बरामद किया गया । पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, यह गिरोह मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी करता है, हिरोईन की बड़ी खेप लखनऊ से लाकर रॉबर्ट्सगंज व आस-पास के क्षेत्रों में बेचते है। उक्त गिरफ्तार शुदा व्यक्ति वाराणसी की तरफ से आने वाली बस से सन बीम स्कूल तिराहा पर पिट्ठू बैग लेकर उतरे थे तथा मोटर साइकिल सवार वांछित अरुण सोनकर को हेरोइन दे रहे थे कि पुलिस टीम की दबिश से अरुण सोनकर फरार हो गया और राजा सोनी तथा सूरज सोनकर मय हेरोइन के पकड़े गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –**

**01.** राजा सोनी पुत्र जितेन्द्र सोनी, निवासी नई बस्ती, सोनकर कटरा, वार्ड नं0-14, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष।
**02.** सूरज सोनकर पुत्र श्याम सुन्दर, निवासी अम्बेडकर नगर, वार्ड नं0-13, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 21 वर्ष।

**फरार/वांछित अभियुक्त का विवरण –**

1. अरुण सोनकर पुत्र स्व0 महेश सोनकर, निवासी नई बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 24 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

01. मु0अ0सं0-298/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी का विवरण-**

01. 810 ग्राम हिरोईन (कीमत लगभग इक्यासी लाख रुपये),

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. क्षेत्राधिकारी सदर आशीष मिश्रा, जनपद सोनभद्र।
2. प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
3. निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांस, जनपद सोनभद्र।
4. निरीक्षक शेषनाथ पाल प्रभारी एसओजी, जनपद सोनभद्र।
5. हे0का0जगदीश मौर्या, हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, का0रितेश पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 अजीत यादव, का0 सतीश कुमार सिंह स्वाट टीम/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र।
6. हे0का0 सौरभ राय, हे0का0 प्रकाश सिंह, का0 अमित सिंह सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र।
7. का0 रमेश गोंड़, का0 प्रेम प्रकाश, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

**इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।**